# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


पत्रांकः–परीक्षा / 255 /2025–26 दिनांकः 23 जनवरी, 2026

## संशोधित विज्ञप्ति

आयोग की विज्ञप्ति संख्या–243, दिनांक 16 जनवरी, 2026 द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस विभाग के अन्तर्गत **आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरूष) तथा आरक्षी पीएसी/आईआरबी (पुरूष)** के 2000 रिक्त पदों की शारीरिक माप–जोख व दक्षता परीक्षा एवं लिखित प्रतियोगी परीक्षा के संयुक्त प्राप्तांकों के आधार पर श्रेष्ठताक्रम में दिनांक **19 जनवरी, 2026 से 13 फरवरी, 2026** तक अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित कार्यक्रम प्रकाशित किया गया है। इस क्रम में अवगत कराना है कि अभिलेख सन्निरीक्षा कार्यक्रम की निम्नांकित तिथियों में अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए नवीन तिथि निम्नानुसार पुनर्निर्धारित की जाती हैः–

| क्र. सं. | अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित तिथि | | नवीन प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|---|
| | **Serial Number (S.No.)** | अभिलेख सन्निरीक्षा की पूर्व निर्धारित तिथि | अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु संशोधित तिथि |
| 1 | 1001 से 1125 तक | 28 जनवरी, 2026 (बुधवार) | 16 फरवरी, 2026 (सोमवार) |
| 2 | 1126 से 1250 तक | 29 जनवरी, 2026 (बृहस्पतिवार) | 17 फरवरी, 2026 (मंगलवार) |
| 3 | 1251 से 1375 तक | 30 जनवरी, 2026 (शुक्रवार) | 18 फरवरी, 2026 (बुधवार) |

अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नवीन तिथि को अंकित **Serial Number** के अनुसार अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों के साथ यथासमय आयोग कार्यालय में सन्निरीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभिलेख सन्निरीक्षा का स्थान, समय एवं अन्य सभी शर्तें आयोग की विज्ञप्ति संख्या–243, दिनांक–16 जनवरी, 2026 के अनुसार पूर्ववत् रहेंगी।

इस संबंध में अन्य कोई पृथक सूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु आयोग की अधिकारिक वेबसाइट www.uksssc.uk.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें।

21.1.26

(डॉ० शिव कुमार बरनवाल)
सचिव